हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 24 अक्टूबर 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर]

06 49.90 लाख खर्च, पर नहीं बदली तस्वीर दस से अधिक गांवों को...



09 ललितपुर जंक्शन पर जनसंवाद कर लिया यात्रियों से सुविधाओं का ...



खबर संक्षेप में

कल वाहिद नदीम प्रस्तुत करेंगे भगवान जगन्नाथ भजन निशा

मन्दसौर। शरद पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर इंडियन आइडल एवं डायमंड ऑफ दशपुर के विजेता गायक वाहिद नदीम शरद पूर्णिमा 25 अक्टूबर रविवार को रात्रि 9 बजे भक्ति रस की वर्षा करेंगे। भगवान जगन्नाथ भजन निशा का आयोजन भगवान जगन्नाथ के सिद्ध स्थल पर पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के सामने, भावसार धर्मशाला के पास होगा। जिसमें शरद पूर्णिमा की चांदनी रात में डायमंड ऑफ दशपुर के सितारे अपनी चमक बिखेरेंगे। भगवान जगन्नाथ के भजनों की अमृत वर्षा का आनन्द लेने के लिए अवश्य आएं। रात्रि 12 बजे भगवान जगन्नाथ जी आरती के पश्चात खीर का महाप्रसाद वितरण होगा।

श्री प्रत्यक्षरत्नजी के दर्शन-वंदन हेतु धार से धर्मावलम्बी आये

मंदसौर। जनकपुरा अजीतनाथ मंदिर के समीप स्थित उपाश्रय में चातुर्मास हेतु विराजित प.पू. जैन संत श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी म.सा. व श्री पवित्ररत्नविजयजी म.सा. के दर्शन-वंदन हेतु कल धार (म.प्र.) से परम गुरुभक्त श्री सुधीर पावेचा सपरिवार ईष्टमित्रों सहित मंदसौर आये। उनका अजीतनाथ जैन मंदिर के समीप उपाश्रय में श्रीसंघ व चातुर्मास समिति के द्वारा बहुमान किया गया। सिद्धचक्र महापूजन होग-दिनांक 25 अक्टूबर रविवार को प्रातः 9 बजे से 12.30 बजे तक राजेन्द्र विलास जीवागंज में श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी एवं श्री पवित्ररत्नविजयजी म.सा. की पावन प्रेरणा व निश्रा में 9 दिवसीय नवपदजी की आराधना के उपलक्ष्य में सिद्धचक्र पूजन का आयोजन रखा गया है। धर्मावलम्बी शामिल होकर धर्मलाभ लें।

सीए इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में मंदसौर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

मंदसौर। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा आयोजित सीए इंटरमीडिएट सितंबर 2026 परीक्षा के परिणाम 22 अक्टूबर को घोषित किए गए। इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। मंदसौर परीक्षा केंद्र का परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। सीए शाखा मंदसौर के अध्यक्ष सीए विनय अग्रवाल ने बताया कि मंदसौर परीक्षा केंद्र से कुल 114 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 30 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। प्रथम ग्रुप में 54 विद्यार्थियों में से 16 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि द्वितीय ग्रुप में 23 विद्यार्थियों में से 9 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। वहीं, दोनों ग्रुप की परीक्षा में सम्मिलित 37 विद्यार्थियों में से 5 विद्यार्थियों ने दोनों ग्रुप उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की। मंदसौर परीक्षा केंद्र पर अवनि पालीवाल ने प्रथम स्थान, तनुश्री राठी ने द्वितीय स्थान, सम्यक जैन ने तृतीय स्थान तथा गौरव पाटीदार ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

गोवंश में नस्ल सुधार हेतु सेक्स सॉर्टेड सीमन से कृत्रिम गर्भाधान बढ़ाने के निर्देश

संभागायुक्त आशीष सिंह ने वृंदावन ग्राम तनोड़िया में पशुपालकों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



वृंदावन ग्राम योजना के तहत आगर-मालवा जिले के चयनित वृंदावन ग्राम तनोड़िया में शुक्रवार को पशुपालन विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से पशुपालक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में उज्जैन संभाग के संभागायुक्त आशीष सिंह, उज्जैन रेंज के एडीजीपी राकेश कुमार गुप्ता, कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना एवं पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी की उपस्थिति रही। संभागायुक्त श्री सिंह ने उपस्थित पशुपालकों से एक-एक कर संवाद कर ग्राम में पशुपालकों की संख्या, देशी नस्ल के गोवंश की संख्या, दुग्ध उत्पादन, दुग्ध सहकारी समिति के गठन एवं दुग्ध संग्रहण आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उप संचालक पशुपालन को निर्देश दिए कि वृंदावन ग्राम तनोड़िया में गोवंश में नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए पशुपालकों को प्रेरित कर सेक्स सॉर्टेड सीमन से कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा दें। पशुपालकों की मांग पर उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदार को गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश भी दिए। संभागायुक्त ने पशुपालकों से गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के तहत अधिक से अधिक देशी नस्ल के गोवंश का पंजीयन कराकर योजना में सम्मिलित होने का आह्वान किया।

एडीजीपी राकेश कुमार गुप्ता ने ग्रामीणों की मांग पर तनोड़िया में परीक्षण कराकर नवीन ग्रामीण पुलिस थाना स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश पुलिस अधीक्षक को दिए। साथ ही सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले वॉलिंटियर्स एवं ग्रामीणों को घायलों को तत्काल सहायता पहुंचाने एवं उचित तरीके से चिकित्सालय पहुंचाने के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण ग्राम तनोड़िया में प्रदान करने की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने मुख्यमंत्री गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से देशी नस्ल की गायों का पालन करने एवं पुरस्कार योजना में भाग लेने का आह्वान किया। उप संचालक पशुपालन डॉ. महेश जारोलिया ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित डॉ. आंबेडकर कामधेनु योजना, डेयरी प्लस योजना एवं आचार्य विद्यासागर योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए लाभ लेने की प्रक्रिया बताई तथा तनोड़िया में इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के बारे में अवगत कराया। सांची दुग्ध संघ उज्जैन के अधिकारियों ने दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु संचालित योजनाओं, उपलब्ध सुविधाओं एवं समिति गठन से पशुपालकों को होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सांची दुग्ध संघ उज्जैन के सीईओ धनराज खत्री ने बताया कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के सहयोग से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए कार्य किये जा रहे हैं। उज्जैन संभाग के लिए बोर्ड द्वारा 600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसी के तहत तनोड़िया में 150 करोड़ रुपये की लागत से एक पशु आहार निर्माण संयंत्र स्थापित करने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक पशुपालकों को दुग्ध सहकारी समितियों से जुड़कर सदस्य बनने एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। सम्मेलन में ग्रामीण महेश कुमार मित्तल, पशुपालक भरत यादव, राजेश राव सहित अन्य पशुपालकों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

अधिकारियों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

आयकर विभाग द्वारा टीडीएस विषय पर संगोष्ठी आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

आयकर विभाग, उज्जैन की टीम द्वारा आहरण एवं संवितरण अधिकारियों तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के लिए टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। आयकर के नवीन प्रावधानों, टीडीएस से संबंधित प्रक्रियाओं एवं विभागीय दायित्वों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। संगोष्ठी में आयकर अधिकारी रंजीत कुमार के नेतृत्व में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आयकर के नए प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही, संबंधित कार्यालयों की लंबित मांगों एवं टीडीएस से जुड़े लंबित मामलों के संबंध में भी अवगत कराया। इस अवसर पर अधिकारियों को टीडीएस की समय पर कटौती, निर्धारित समय-सीमा में सरकारी खाते में कर जमा करने, टीडीएस विवरणी समय पर दाखिल करने तथा संबंधित अभिलेखों का उचित संधारण सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। आयकर विभाग की टीम ने सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से कहा कि वे टीडीएस से संबंधित सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में एवं नियमानुसार पूर्ण करें, लंबित मांगों के निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। इस मौके पर आयकर निरीक्षक विनोद कुमार, कर सलाहकार एवं कर सहायकों की टीम ने प्रतिभागियों की समस्याओं और शंकाओं का समाधान किया। इस अवसर पर आयकर सलाहकार विपिन पाटनी नलखेड़ा, जिला कोषालय अधिकारी मनीष सोलंकी आदि उपस्थित थे।

कल मानाई जाएगी महाराजा अजमीढ़ देवजी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर

भगवान श्री पशुपतिनाथ की पावन नगरी मन्दसौर में श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा संस्थापक व आराध्यदेव महाराजाधिराज अजमीढ़ देवजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस पावन अवसर पर आगामी रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को स्वर्णमहल रिसॉर्ट (श्रवण नाला के पास, नालछामाता रोड, मन्दसौर) में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए स्वर्णकार समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कारूलाल सोनी, ने बताया कि 25 अक्टूबर को दोपहर 12.15 बजे से महिला मण्डल द्वारा सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिताएं प्रारंभ होंगी। बच्चों के लिए चेयर रेस, नींबू रेस एवं 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए लक्की गेम आयोजित होंगे, वहीं महिलाओं के लिए चेयर रेस, गिलास रेस, फूलमाला गेम तथा 10 से 20 वर्ष के बच्चों के लिए



डांस प्रतियोगिता होगी। सायंकाल 5 बजे से महाप्रसादी का आयोजन होगा, जिसके लाभार्थी स्व. कन्हैयालाल वर्मा सोनी (जड़ीया) एवं स्व. बाबूलाल वर्मा सोनी (ऑपरेटर) की प्रेरणा से पौत्र अमरनाथ योगी बर्फानी (निवासी मन्दसौर हा.मु. अमृतसर, पंजाब) रहेंगे। जयंती समारोह के दौरान वर्ष 2026 के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा, जिसमें कक्षा 10वीं व 12वीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ खेलकूद व राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने वाले समाज की प्रतिभाओं का बहुमान होगा। साथ ही समाज की 75 वर्ष से अधिक उम्र की मातृशक्तियों का सम्मान भी होगा। आयोजन को सफल बनाने की अपील शहर पंचायत के अध्यक्ष अर्जुन डाबर (रामपुरा वाला), उपाध्यक्ष नागेश्वर सोनी (नीलम मसाला), सचिव भूपेन्द्र सोनी (प्रतापगढ़ वाला) व कोषाध्यक्ष गोपाल सोनी (धुंधड़का वाला) एवं समस्त मातृशक्ति मन्दसौर ने सभी स्वजातीय बंधुओं से सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

पशुपालन विभाग की महत्वपूर्ण पहल

मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना का नाम अब होगा गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना

नलखेड़ा। पशुपालन एवं डेयरी विभाग मध्यप्रदेश द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना के घटक का नाम परिवर्तन कर गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना किया गया है। यह निर्णय 03 अक्टूबर 2026 को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय गोपालक सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा की गई घोषणा के परिपालन में लिया गया है। पूर्व में यह घटक प्रदेश की मूल गोवंशीय नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों हेतु पुरस्कार योजना के नाम से संचालित था। यह योजना पूर्णतः राज्य सहायित पुरस्कार स्वरूप योजना है। इस योजना की स्वीकृति मंत्री-परिषद द्वारा दी जाएगी तथा यह वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक संचालित होगी। योजना की प्रस्तावित लागत 23.50 करोड़ रुपये है। योजना का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक वृंदावन ग्राम में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना, अधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले पशुपालकों को प्रोत्साहित करना, उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादक गायों की पहचान करना तथा पशुपालकों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करना है। इसके माध्यम से गिर, साहीवाल, थारपारकर, मालवी सहित अन्य उन्नत अधिसूचित स्वदेशी नस्लों का संवर्धन कर वृंदावन ग्रामों को दुग्ध उत्पादन एवं देशी पशुधन संवर्धन के आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे पशुपालकों की आय में वृद्धि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। योजना के तहत प्रदेश के समस्त विधानसभा क्षेत्रों के चयनित 208 वृंदावन ग्रामों में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में वृंदावन ग्राम के ऐसे सभी वर्ग के पशुपालक पात्र होंगे जिनके पास भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गाय है जिसका प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन 6 लीटर अथवा उससे अधिक हो। इच्छुक पशुपालकों को आवेदन फार्म के माध्यम से अपने पशु का पंजीयन कराना होगा, जिसमें पशुपालक का नाम, पता, पशु का यूआईडी या ईयर टैग नंबर, नस्ल, आयु, ब्यात संख्या, ब्यात तिथि, दुग्ध उत्पादन एवं स्वास्थ्य विवरण दर्ज किया जाएगा। संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा पशु की पहचान एवं स्वास्थ्य का सत्यापन किया जाएगा। प्रतियोगिता के क्रियान्वयन हेतु विकासखण्ड स्तर पर अनुभाग अधिकारी राजस्व तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समिति गठित की जाएगी। यह समिति आवेदनों का संकलन, परीक्षण एवं प्रतियोगिता का आयोजन करेगी। प्रतियोगिता में सम्मिलित गायों के तीन समय के दुग्ध उत्पादन के औसत के आधार पर विजेता का चयन किया जाएगा। दुग्ध मापन प्रक्रिया को पारदर्शी रखने हेतु विभागीय कर्मचारी, दुग्ध समिति अथवा मान्य दुग्ध संग्रहण केन्द्र की सहायता ली जा सकेगी। विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के परिणाम जिला उपसंचालक पशुपालन को प्रेषित किये जायेंगे। जिला स्तर पर कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत एवं उपसंचालक पशुपालन की समिति द्वारा परिणामों के आधार पर विजेताओं को पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। जिला उपसंचालक द्वारा संकलित परिणाम संचालक पशुपालन एवं डेयरी को भेजे जायेंगे। निर्धारित अवधि में सत्यापित सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले पशु को विजेता घोषित किया जायेगा। यदि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर दो पशुओं का दुग्ध उत्पादन समान होता है तो जिन पशुओं के तीनों समय के दुग्ध उत्पादन में अंतर कम होगा तथा जो कम ब्यात एवं कम उम्र के होंगे उन्हें वरीयता दी जाएगी। विवाद की स्थिति में ब्लॉक स्तरीय समिति का निर्णय अंतिम होगा। योजना के तहत प्रत्येक वृंदावन ग्राम के श्रेष्ठ दुग्ध उत्पादक गाय पालने वाले पशुपालक को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी।

इनरव्हील क्लब मंदसौर ने शिक्षा सहयोग व सामाजिक सद्भाव के कार्य किए

मंदसौर। इनरव्हील क्लब मंदसौर 304 द्वारा सेवा, समर्पण एवं सामाजिक सद्भाव के उद्देश्य से दो सराहनीय पहल की गईं। क्लब द्वारा स्व. महेंद्र सिंह सुराणा की पावन स्मृति में डॉ. हंसा सुराणा एवं सुराणा परिवार के सहयोग से डेक्सटर ग्लोबल स्कूल, कक्षा 6वीं की छात्रा हर्षवी जैन की पांच माह की स्कूल बस फीस, कुल 4,500 प्रदान की गई। इस



अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष हेमा हिंगड़ एवं अध्यक्ष अंजना पटेल सहित क्लब सदस्य उपस्थित रहे। वहीं, नवरात्रि के उपलक्ष्य में आईएसओ उषा कुमावत द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जहां इनरव्हील क्लब 304 द्वारा किन्नर समाज की अध्यक्ष अनीता दीदी का सम्मान अध्यक्ष अंजना पटेल, पूर्व अध्यक्ष आशा काबरा एवं पूर्व अध्यक्ष शकुंतला पोरवाल द्वारा शाल भेंट कर व माला पहनाकर किया गया। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन से भक्तिमय वातावरण बना और सामाजिक समानता, प्रेम एवं भाईचारे का संदेश दिया गया। इनरव्हील क्लब मंदसौर 304 की ये पहल शिक्षा सहयोग, नारी सम्मान, सामाजिक सद्भाव एवं मानवता के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष प्रीति छाबड़ा, पूर्व अध्यक्ष आशा काबरा, पूर्व अध्यक्ष शकुंतला पोरवाल, सोनिया खिमेसरा, विजेता परिहार सहित क्लब की अन्य सदस्याएँ उपस्थित रहीं।

जैन समाज में नवपद ओलीजी आराधना का चल रहा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान नव दिवसीय शाश्वत नवपद ओलीजी का कार्यक्रम चल रहा है। इसमें समाज की महिलाओं द्वारा प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक क्रियाओं के साथ आयंबिल किया जा रहा हैं। जैन समाज में इस वर्ष कलिकुण्ड तीर्थोधारक परम पूज्य राजेंद्रसूरीश्वर जी महाराजा की आज्ञानुवर्ती प.पू.राजगुणा श्री जी म.सा आदि ठाणा 4 की पावन निश्रा में श्रीसंघ में नवपद ओलीजी की आराधना 18 अक्टूबर से चल रही है। शुक्रवार को आराधना के छठवें दिवस पर गुप्त परिवार द्वारा सामूहिक आयंबिल करवायें गये। 25 अक्टूबर, रविवार को स्कूली बच्चों का अवकाश होने से श्रीसंघ के जो बच्चे इस दिन आयबिल करेगे उन सभी बच्चों को श्रीसंघ की तरफ से विशिष्ट प्रभावना दी जाएगी। आयबिल आराधकों के अलावा समाज के श्रावक और श्राविकाओं द्वारा भी ओली जी के दौरान अपनी शक्ति अनुसार आयबिल तप किया जा रहा है। नवपद ओली जी के इन दिनों में प्रतिदिन आराधकों द्वारा मंदिर जी में नवपदजी पट के समक्ष विभिन्न धार्मिक क्रियाएं की जाती है। आराधना भवन में साध्वी जी द्वारा प्रातः 9:30 से प्रवचन दिए जा रहे हैं। जिसमें नवपद ओली की महिमा के साथ श्रीपाल मैना सुंदरी के जीवन से जुड़ी घटनाओं के साथ चरित्र का वर्णन तथा इस तप आराधना से हमारे जीवन में भी होने वाले लाभ आदि के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है।

श्री आर्यरक्षित सूरि जैन तीर्थ पर 80 आराधक कर रहे हैं साश्वत नवपदजी की ओली

मंदसौर। आचार्य श्री अशोक सागर सूरीश्वरजी म.सा. व आचार्य श्री सागरचन्द्र सागर सूरीश्वरजी म.सा. सहित 5 जैनाचार्यों व मंदसौर में चातुर्मास हेतु विराजित साधु-साध्वियों की पावन प्रेरणा से चन्द्रपुरा स्थित श्री आर्यरक्षित जैन तीर्थ में 9 दिवसीय श्री साश्वत नवपदजी की ओली की तपस्या चल रही है। दिनांक 18 अक्टूबर से दिनांक 26 अक्टूबर 2026 तक यहां नवपदजी की ओली की तपस्या की जा रही है। इसमें लगभग 80 आराधक प्रतिदिन आयम्बिल तप कर रहे हैं।

प्रथम स्थान हासिल कर उज्जैन संभाग की टीम में बनाई जगह

भावेश सिकरवार राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में दिखाएंगे दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



शालेय खेल प्रतियोगिताओं में कमला सागर विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भावेश सिकरवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं आगर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। भावेश का चयन इंदौर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता के लिए उज्जैन संभाग की टीम में हुआ है। 22 अक्टूबर को रतलाम में आयोजित संभाग स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भावेश सिकरवार ने 14 वर्ष बालक वर्ग के 55 किलोग्राम भार वर्ग में आगर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया और प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया। भावेश की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक दिलीप तातेड, खेल शिक्षक शुभम भिलाला सहित समस्त शिक्षकगण एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

किसानों को फिर लगाना पड़ रहा 4 किलोमीटर का चक्कर, निर्माण की खुली पोल

68 लाख की सड़क-पुलिया पहली बारिश में ही बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

तहसील क्षेत्र के ग्राम लटूरी उमठ में करीब 68 लाख रुपए की लागत से निर्मित सड़क और पुलिया पहली बारिश में ही बदहाल हो गई। पुलिया के आसपास की सड़क पानी में बह गई, वहीं पुलिया भी जर्जर स्थिति में पहुंच गई है। ऐसे में निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों और किसानों के सामने एक बार फिर खेतों तक पहुंचने की पुरानी समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार कुंडालिया बांध क्षेत्र में आने वाले ग्राम लटूरी उमठ के किसानों को नाला पार कर अपने खेतों तक पहुंचने में काफी परेशानी होती थी। नाले के दोनों ओर करीब 5 से 7 फीट तक पानी रहने के कारण किसानों को खेतों तक पहुंचने के लिए लगभग 4 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता था। ग्रामीण लंबे समय से इस समस्या के समाधान की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों की समस्या को तात्कालिक कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने गंभीरता से सुना था। इसके बाद एसडीएम मिलिंद ढोके ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। समस्या के समाधान के लिए दो छोटी पुलियाओं के निर्माण हेतु 52 लाख रुपए तथा एक किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 16 लाख रुपए के अलग-अलग टेंडर जारी किए गए थे। इस तरह सड़क और पुलिया निर्माण पर कुल 68 लाख रुपए की राशि निर्धारित की गई थी। ग्रामीणों के अनुसार इसी वर्ष गर्मी में निर्माण कार्य शुरू हुआ था, जो जुलाई तक चला। लेकिन पहली बारिश के दौरान ही पुलिया के



आसपास की सड़क बह गई और पुलिया की स्थिति भी जर्जर हो गई। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और निगरानी को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया।

अब भी राहत का इंतजार

सड़क बह जाने और पुलिया की खराब स्थिति के कारण किसानों को अब भी खेतों तक पहुंचने के लिए करीब 4 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौके का निरीक्षण करें, निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराएं और आवश्यक मरम्मत करवाकर समस्या का स्थायी समाधान कराए।

खबर संक्षेप

कल निकलेगा संघ का विशाल पथ संचलन

सोनकच्छ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सोनकच्छ नगर के तत्वावधान में रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को विजयादशमी उत्सव के पारंपरिक क्रम में विशाल त्रिवेणी पथ संचलन निकाला जाएगा। संचलन सुबह 8:30 बजे प्रारंभ होगा। आयोजन में नगर की तीन प्रमुख बस्तियों से स्वयंसेवक अपने-अपने मार्गों से निकलकर बस स्टैंड पर एकत्रित होंगे, जहां त्रिवेणी संगम के बाद संचलन महात्मा गांधी मार्ग से होते हुए कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचेगा। आयोजन के तहत राजभाऊ महाकाल बस्ती (श्री सांवरिया धाम सांवेर), महाराणा प्रताप बस्ती (कृषि उपज मंडी) और छत्रपति शिवाजी बस्ती (भानु प्रताप कॉलोनी, बिजासन मंदिर) से स्वयंसेवक निर्धारित मार्गों से पथ संचलन में शामिल होंगे। तीनों बस्तियों के स्वयंसेवकों का बस स्टैंड पर संगम होगा। इसके बाद सभी स्वयंसेवक एक साथ महात्मा गांधी मार्ग से कृषि उपज मंडी पहुंचेंगे, जहां पथ संचलन का समापन होगा।

निगम टीम ने औद्योगिक इकाइयों के साथ की चर्चा

देवास। निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम द्वारा शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कडी में शुक्रवार को निगम स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा शहर की थोक कचरा उत्पादक की श्रेणी में आने वाली औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ पृथक पृथक बैठक आयोजित कर भारत सरकार द्वारा जारी किए गये नियमों के प्रावधानों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में औद्योगिक इकाइयों द्वारा उत्पन्न होने वाले कचरे के उचित प्रबंधन, कचरे के पृथक्कीकरण, वैज्ञानिक निस्तारण तथा नियमों के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंध में जानकारी साझा की गई। साथ ही संबंधित औद्योगिक इकाइयों द्वारा अब तक किए गए कार्यों एवं नियमों के पालन की दिशा में हुई प्रगति का मूल्यांकन किया गया। निगम द्वारा औद्योगिक इकाइयों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी निभाने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु कहा गया। बैठक में उक्त नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान तथा आगे की कार्ययोजना के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया।

85 बीघा में फैला गढ़खजूरिया तालाब 25 साल से अधूरा

49.90 लाख खर्च, पर नहीं बदली तस्वीर दस से अधिक गांवों को मिल सकता है लाभ

जल संरक्षण एवं जल बचाओं अभियान तहत जनप्रतिनिधियों, जिम्मेदाओ ने नहीं ली सुध।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



जल संरक्षण और सिंचाई सुविधाओं को बढ़ावा देने के दावों के बीच गढ़खजूरिया का करीब 85 बीघा में फैला तालाब बदहाली का शिकार हो रहा है। करीब 25 साल से यह तालाब पुनर्निर्माण (जीर्णोद्धार) की बाट जोह रहा है। म.प्र. शासन की महत्वपूर्ण योजना जल संरक्षण एवं जल बचाओं अभियान के दावों की भी पोल खोल रहा है। इतने वर्षों बाद भी तालाब का जीर्णोद्धार नहीं हो पाना जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और ग्रामीण समस्याओं के प्रति उनकी गंभीरता पर सवाल खड़े हो रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि विकास और जल संरक्षण हेतु इस तालाब की सुध लेने के लिए अब तक कोई प्रभावी पहल नजर नहीं आई।

लाखों खर्च, फिर भी नहीं सुधरी स्थिति

तालाब निर्माण की शुरुआत वर्ष 2001 में जनसहभागिता से हुई थी। करीब 60 प्रतिशत काम होने के बाद निर्माण अधूरा रह गया। वर्ष 2018-19 में जिला पंचायत एवं ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के माध्यम से 49.90 लाख रुपए खर्च कर निर्माण कार्य कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत को हैंडओवर होने से पहले ही तालाब क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद से ही इसके सुधार और पुनर्निर्माण की मांग की जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद तालाब की स्थिति नहीं सुधरने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और खर्च की गई राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ गई। ग्रामीणों की मांग है कि विभाग मौके का निरीक्षण कर तकनीकी जांच कराए और कराए गए कार्य का आकलन कर तालाब को दोबारा जल संग्रहण के योग्य बनाए।

जन विश्वास शिविर में दिया आवेदन

तालाब के पुनर्निर्माण (जीर्णोद्धार) को लेकर ग्राम पंचायत की ओर से जिले का पहला शिविर 7 अगस्त को ग्राम गंधर्वपुरी में आयोजित हुआ था जिसमें ग्राम पंचायत की ओर से कलेक्टर ऋतुराजसिंह को आवेदन सौंपा गया था। इसमें तालाब का निर्माण कार्य पूरा कराने और उसे जल संग्रहण के लिए उपयोगी बनाने की मांग की गई थी। इसके बावजूद ग्रामीणों को ठोस कार्रवाई का इंतजार है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से चली आ रही इस समस्या के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों की ओर से ठोस पहल की जरूरत है।



कई गांवों को मिल सकता है लाभ

गढ़खजूरिया के अलावा रजापुर, टुंगनी, साधुखेड़ी, खेरिया जागीर, मावरखेड़ी, कचनारिया, खोयरा, मूंदीखेड़ी, तालोद और जामगोद सहित आसपास के गांवों को भी तालाब के पुनर्निर्माण से लाभ मिल सकता है। तालाब में पर्याप्त पानी जमा होने से भूजल स्तर में सुधार और किसानों को सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ जाएगी है। इसके लिए तालाब की मरम्मत कर उसकी जल संग्रहण क्षमता बहाल करना जरूरी है।

नर्मदा-कालीसिंध लिंक परियोजना की चर्चा, पुराने तालाब की सुध कब?

क्षेत्र में नर्मदा-कालीसिंध लिंक परियोजना के माध्यम से तालाबों तक पानी पहुंचाने की चर्चा के बीच गढ़खजूरिया के तालाब का मुद्दा भी महत्वपूर्ण हो गया है। कम बारिश की स्थिति में पुराने जलस्रोतों का संरक्षण और अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा करना जरूरी है। ऐसे में सवाल उठता है कि 25 साल से अधूरे पड़े इस तालाब के जीर्णोद्धार की ठोस पहल कब होगी और ग्रामीणों को लाभ कब मिलेगा। ग्रामीण उम्मेदसिंह सेंधव, सरपंच प्रतिनिधि विक्रमसिंह सेंधव, ईश्वरसिंह सेंधव, भादरसिंह कुशवाह, मनीधर चौहान और वीपी सिंह चौहान सहित अन्य ग्रामीणों ने तालाब के पुनर्निर्माण की मांग की है। उनका कहना है कि संबंधित विभाग मौके का निरीक्षण कर तकनीकी जांच कराए और जीर्णोद्धार की ठोस कार्ययोजना तैयार करे।

फाइल देखकर ही मिलेगी जानकारी

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के ए.ई. अमित बामनिया ने बताया कि उन्हें पदभार संभाले अभी पांच-छः महीने ही हुए हैं। यदि इस तरह का तालाब बनाया गया है, तो इसकी जानकारी के लिए संबंधित फाईल देखनी पड़ेगी। इसके बाद ही आगे की कार्यवाही होगी।

जिले के 916 कोटवार हड़ताल पर, मंडूक पुष्कर पर दिया जा रहा धरना

अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ, भोपाल के आह्वान पर देवास जिले के समस्त कोटवार अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं।

जिले के 916 कोटवार जिला मुख्यालय स्थित एबी रोड के मंडूक पुष्कर पर धरना देकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद कर रहे हैं। शुक्रवार को हड़ताल का दूसरा दिन था। संघ जिलाध्यक्ष अम्बाराम मालवीय ने बताया कि कोटवार लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। कोटवारों की प्रमुख मांग है कि उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा देकर नियमित किया जाए। इसके साथ ही 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कोटवारों को पेंशन का लाभ दिया जाए, कोटवार वर्दी की राशि पूर्व की तरह कोटवारों के खाते के माध्यम से भुगतान करने एवं कोटवार घटिया वर्दी घोटाले की जांच उच्च एजेंसी से करवा कर दोषी ठेकेदारों/कर्मचारियों को दंडित किया जाए तथा सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। कोटवारों ने अपनी भूमि पर मालिकाना हक देने, वर्दी के लिए निर्धारित राशि समय पर उपलब्ध कराने तथा ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग भी उठाई है। जिलाध्यक्ष मालवीय ने बताया कि आगामी 28 अक्टूबर को धरना स्थल मंडूक पुष्कर से रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इसके बाद भी यदि शासन द्वारा मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तो 30 अक्टूबर को भोपाल में प्रदेशस्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, 31 अक्टूबर से प्रदेश के करीब 38 हजार कोटवार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। प्रदर्शन के दौरान बाबूलाल कलेसरिया, राजेश मालवीय, मेहरबान सिंह पवार, जितेन्द्र मालवीय सहित बड़ी संख्या में कोटवार उपस्थित थे।

संस्था देववासिनी की बैठक संपन्न, जाधव अध्यक्ष, मांगरोलिया बने सचिव



देवास। संस्था देववासिनी, देवास की बैठक संस्था के संरक्षक एवं देवास-शाजापुर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से दिलीप जाधव को संस्था का अध्यक्ष एवं बंटी मांगरोलिया को सचिव नियुक्त किया। संस्था की नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में रितु सवनेर, विकास सांगते एवं शेखर कौशल को जिम्मेदारी सौंपी गई। सह सचिव पंकज सोनी, सह सचिव मिथिलेश सोनी, कोषाध्यक्ष वरुण अग्रवाल एवं सह कोषाध्यक्ष श्रवणसिंह पंवार नियुक्त किए गए। इसी प्रकार मीडिया प्रमुख जगदीश सेन, सह मीडिया प्रमुख अनुज शर्मा एवं सोशल मीडिया प्रमुख शुभम जाधव को दायित्व सौंपा गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अजित भल्ला, कमल शर्मा, शम्भु अग्रवाल, जयंत जैन, नीरज सिंह चौहान, लक्की मक्कड़, संतोष वर्मा, ईश्वर परासिया एवं वैदिक जैन को शामिल किया।

महिला कांग्रेस ने अंकिता हत्याकांड की जांच की मांग की



देवास। महिला कांग्रेस जिला देवास ग्रामीण द्वारा जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष श्रुति बघेल के नेतृत्व में उत्तराखंड की बेटी स्व. अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित वीआईपी कनेक्शन की निष्पक्ष जांच कराने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा।राहुल सिंह ठाकुर ने बताया कि इस दौरान भोपाल चौराहा स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप मोमबत्तियां जलाकर धरना दिया गया तथा मामले में निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग उठाई गई। मामले में दोषियों को सजा मिलने के बावजूद कथित वीआईपी कनेक्शन को लेकर उठ रहे सवालों और पीड़ित परिवार द्वारा लगातार न्याय की मांग किए जाने के चलते प्रकरण से जुड़े सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। इस दौरान साधना प्रजापति, मीणा अली फानी, मेघा चौहान, सुलोचना कोटरिया, दीपेश हरोड़े, कृष्णा बाई मालवीय, बलवान सिंह चौहान, राहुल ठाकुर, शाबाश शेख, शाहिद खान, समीर शाह, कृष्णा बाई, प्रीति विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

स्व. बियाणी की स्मृति में आयोजित कवि सम्मेलन में देर रात तक जमे रहे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



दशहरा उत्सव समिति, कांटाफोड़ द्वारा आयोजित दशहरा महोत्सव के अंतर्गत स्व. नटवर गोपाल बियाणी की पावन स्मृति में नटवर गोपाल बियाणी मित्र मंडल एवं दशहरा उत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मंच पर कवियों में मुख्य रूप से जगदीश सोलंकी, शशिकांत यादव, शंभू शिखर, स्वयं श्रीवास्तव, सुमित्रा सरल, गौरव चौहान, दिनेश देसी घी, हीरामणि वैष्णव, मनोज दुबे और चेतन जोशी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि श्रोता देर रात तक कार्यक्रम में जमे रहे। हास्य, व्यंग्य और ओजपूर्ण कविताओं ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कवि चेतन जोशी की प्रस्तुतियों ने विशेष रूप से श्रोताओं का मन मोह लिया। मंच पर काव्य की ऐसी छटा बिखेरी गई कि देर रात तक श्रोता काव्य रस में डूबे रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कन्नौद-खातेगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष शर्मा उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन का सफल संचालन कवि मनोज दुबे ने किया, जबकि आभार रंगेश बियाणी ने व्यक्त किया। स्व. नटवर गोपाल बियाणी की स्मृति में आयोजित यह कवि सम्मेलन केवल साहित्यिक आयोजन ही नहीं, बल्कि उनके प्रति मित्रों और नगरवासियों के आत्मीय सम्मान का प्रतीक भी बना।

बकरा चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



थाना कमलापुर पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत बकरा चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 21 अक्टूबर को सुनीताबाई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10 अक्टूबर की सुबह करीब 5 बजे दो अज्ञात बदमाश उनके घर में बंधा बकरा चुराकर ले गए। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर संदिग्धों की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने केशर पिता दलसिंह जामले (30), निवासी भूरियापुरा/लापलिपुरा, थाना उदयनगर और सरदार पिता धनसिंह (40), निवासी ग्राम मोखा पिपलिया को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 10 हजार रुपये कीमत का चोरी गया बकरा और करीब 40 हजार रुपये कीमत की बिना नंबर की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल जब्त की। पूछताछ में आरोपियों ने दशहरे की पार्टी करने के लिए बकरे को मारकर बोरे में बंद कर ले जाने की बात बताई।गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय बागली में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा, प्र. आ. भगवती प्रसाद, अरुण आर्य, रायचंद सहित अन्य की सराहनीय भूमिका

माता टेकरी दान पेटी में 32 लाख चढ़ावे के साथ मिली मनोकामनाओं की पर्चियां, गणना जारी



देवास। माता टेकरी पर नवरात्रि के पावन पर्व के बाद दान पेटियां शुक्रवार को खोली गईं। भक्तों ने मां दुर्गा के दरबार में न सिर्फ अपनी निजी खुशियों और मन्नतों के लिए पर्चियां डालीं। टेकरी प्रभारी और नायब तहसीलदार कपिल गुर्जर और हरिओम ठाकुर की मौजूदगी में माता टेकरी स्थित दोनों मंदिरों की 21 से अधिक दान पेटियां खोली गई। दान पेटियों में लाखों रुपए नकद, चांदी के आभूषण और नेपाली मुद्रा प्राप्त हुई है। मंदिर समिति के अनुसार शुक्रवार सुबह 11 बजे से शुरू हुई दान राशि की गिनती देर रात तक जारी रही, शाम 7 बजे तक 32 लाख रुपए के गिने जा चुके हैं।

बाल कलाकारों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



सार्वजनिक राजराजेश्वरी माता मंदिर में नवदुर्गोत्सव के दौरान गरबा नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध करने वाले बाल कलाकारों का विपिन शिवहरे मित्र मंडल और ओम महाशक्ति ग्रुप द्वारा समारोह आयोजित कर सम्मान किया गय। समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव, आरती विपिन शिवहरे, कमल यादव, मोतीलाल पटेल, दाखा कारपेंटर, मुकेश गोस्वामी, ललिता राजपूत, शिवचरण भट्टनिया और महेश गोस्वामी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गरबा नृत्य कोरियोग्राफर शिवम शर्मा और मोना सिकरवार का भी सम्मान किया गया। गरबा करने वाली बालिकाओं को राजा राघवेंद्र सिंह राजपूत की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए।विपिन शिवहरे मित्र मंडल ने परंपरा के अनुसार गरबा पंडाल में सफाई करने वाले सफाईकर्मी मोहन लावरे और संजू भाई, लाइट डेकोरेशन करने वाले अतुल भारती तथा गरबा संचालक रोहित जायसवाल सहित आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों को उपहार भेंटकर सम्मानित किया।अतिथियों का स्वागत मोहन सिकरवार, जगदीश राठौर, सतीश गेहलोत, राजेश वर्मा, जितेंद्र चावड़ा और शीला चावड़ा ने किया। समारोह का संचालन शिक्षक वारिस अली ने किया तथा आभार आरती शिवहरे ने माना।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत प्रभारी कलेक्टर पहुंचे चिड़ावद

शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान तहत टोंकखुर्द के चिड़ावद में आयोजित शिविर के पहले प्रभारी कलेक्टर दलीप कुमार ने उप-स्वास्थ्य केंद्र कलमा, आंगनवाड़ी केंद्र, माध्यमिक विद्यालय कलमा, शासकीय उचित मूल्य दुकान टोंककला एवं नव निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिड़ावद का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विभिन्न सेवाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।प्रभारी कलेक्टर दलीप कुमार ने माध्यमिक विद्यालय कलमा का निरीक्षण कर प्राचार्य से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की संख्या के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया तथा उनकी पढ़ाई और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में पूछा। प्रभारी कलेक्टर कुमार ने स्मार्ट टीवी के माध्यम से पढ़ाई होने के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा विद्यार्थियों से विज्ञान एवं गणित के प्रश्न पूछे। उन्होंने गणित के प्रश्न स्वयं बोर्ड पर लिखकर विद्यार्थियों से हल करवाए और शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया।प्रभारी कलेक्टर कुमार ने आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से केंद्र में दर्ज बच्चों की संख्या एवं उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर की जांच की तथा बच्चों को समय पर टेक होम राशन (टीएचआर) मिल रहा है या नहीं, इसकी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने केंद्र में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा परिसर में घास कटाई एवं साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए।उप स्वास्थ्य केंद्र कलमा के निरीक्षण के दौरान प्रभारी कलेक्टर कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) से पदस्थ स्टाफ की संख्या, वर्तमान में आने वाले मरीजों तथा उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने दवाई स्टॉक एवं स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन कर दवाइयों की उपलब्धता की स्थिति जानी। साथ ही एएनसी पंजीयन रजिस्टर की जांच कर चिन्हित हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। प्रभारी कलेक्टर कुमार ने शासकीय उचित मूल्य दुकान टोंककला का निरीक्षण कर उपलब्ध खाद्यान्न स्टॉक की जानकारी ली तथा स्टॉक का मिलान किया। उन्होंने वितरित किए गए राशन की जानकारी भी प्राप्त की। साथ ही उपस्थित नागरिकों से चर्चा कर राशन वितरण की वस्तुस्थिति जानी।साथ ही प्रभारी कलेक्टर दलीप कुमार ने नव-निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिड़ावद का निरीक्षण कर विभिन्न वार्डों का अवलोकन किया।

चिश्तिया ग्रुप के सदर बने अंसारी पठान को नायब सदर की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



गरीब नवाज के 815वें उर्स के अवसर पर भौरासा में आयोजित होने वाले 23वें उर्स की तैयारियों को लेकर आष्टा में चिश्तिया ग्रुप भौरासा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सलमान अंसारी को ग्रुप का सदर (अध्यक्ष) तथा सोहेल पठान को नायब सदर (उपाध्यक्ष) नियुक्त किया गया।बैठक में आगामी उर्स की तैयारियों और आयोजन की सफलता को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान ग्रुप के सदस्यों ने 23वें उर्स की कामयाबी के लिए दुआ की अपील करते हुए सभी से ग्रुप को अपनी दुआओं से नवाजने का आग्रह किया।बैठक में आष्टा से याकूब मामू, नासिर भाई, अयाज पार्षद, सानू राइन, सपीक पठान, आमीन कुरैशी, अकबर बैग और इकराम जीजा सहित भौरासा से रेहान पठान, अकील बेलिम, सद्दाम चिश्ती, आफताब आलम, एडवोकेट अजहर चिश्ती सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।अंत में साजिद चिश्ती ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

रेलवे बोर्ड के निर्देशों के अनुपालन में यात्रियों से रूबरू हुआ रेल प्रशासन

ललितपुर जंक्शन पर जनसंवाद कर लिया यात्रियों से सुविधाओं का फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



रेलवे बोर्ड के निर्देशों के अनुपालन में ललितपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रेल जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता मयंक अग्रवाल की अध्यक्षता तथा स्टेशन मैनेजर धर्मेंद्र कुमार चतुर्वेदी के निर्देशन में आयोजित हुआ।

इस दौरान रेल अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जनसंवाद के दौरान यात्रियों से स्टेशन परिसर की साफ-सफाई, उपलब्ध जनसुविधाओं और यात्रा के दौरान मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया गया। रेल अधिकारियों ने यात्रियों से यह भी पूछा कि स्टेशन पर किन व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता है और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। यात्रियों की राय को व्यवस्थित रूप से दर्ज करने के लिए फीडबैक फॉर्म भरवाए गए। यात्रियों ने इन प्रपत्रों के माध्यम से अपनी प्रतिक्रियाएं और सुझाव लिखित रूप में स्टेशन मैनेजर को सौंपे। रेल प्रशासन का उद्देश्य यात्रियों की जरूरतों को समझकर सुविधाओं को अधिक उपयोगी और बेहतर बनाना रहा। अधिकांश बिंदुओं पर यात्रियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

भविष्य में सुधार की संभावनाओं को तलाशना रहा

जनसंवाद का उद्देश्य केवल वर्तमान सुविधाओं की स्थिति जानना ही नहीं, बल्कि यात्रियों की अपेक्षाओं और सुझावों के आधार पर भविष्य में सुधार की संभावनाओं को तलाशना भी रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता मयंक अग्रवाल, सहायक मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता मनोज कुमार, स्टेशन मैनेजर धर्मेंद्र कुमार चतुर्वेदी, मुख्य वाणिज्य पर्यवेक्षक, सीटीआई संजय सोनकर, मनीष शुक्ला, आकांक्षा पाराशर, अजय कुमार, नीरज अग्रवाल, सर्विस दीक्षित और दीपक कुमार सहित संबंधित रेलकर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों और कर्मचारियों ने यात्रियों से संवाद स्थापित कर उनकी प्रतिक्रियाएं और सुझाव एकत्रित किए। कार्यक्रम के माध्यम से रेल प्रशासन और यात्रियों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर स्टेशन मैनेजर धर्मेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने जनसंवाद टीम और उपस्थित यात्रियों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने आमजन से रेलवे स्टेशन और उसके परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना केवल रेल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है। रेल प्रशासन और यात्री मिलकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं, तो स्टेशन परिसर को साफ-सुथरा और बेहतर बनाया जा सकता है। यात्रियों से प्राप्त सुझावों और प्रतिक्रियाओं के संकलन के साथ जनसंवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। अब इन सुझावों के आधार पर यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास किए जाने की अपेक्षा है।

शुरू हुआ खेत बचाओ अभियान, 42 पंचायतों में होंगे कार्यक्रम

30 नवंबर तक मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती, संतुलित उर्वरक पर करेंगे जागरुक

प्रत्येक कार्यक्रम में 250 से 300 किसानों की सहभागिता का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियों से जोडऩे, मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने और खेती की लागत कम करने के उद्देश्य से जनपद में आज से 30 नवंबर 2026 तक खेत बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार, अभियान के अंतर्गत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, फसल अवशेष प्रबंधन और उर्वरकों के संतुलित उपयोग की जानकारी दी जाएगी। अभियान कृषि निदेशक तथा केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य किसानों को ऐसी कृषि पद्धतियां अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिनसे मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहे, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हो और कृषि उत्पादन को टिकाऊ बनाया जा सके। अभियान के दौरान किसानों को मिट्टी की जांच के आधार पर फसलों में आवश्यक पोषक तत्वों के उपयोग के लिए जागरूक किया जाएगा।

रासायनिक उर्वरकों और अन्य कृषि उत्पादों का संतुलित इस्तेमाल करने तथा अनावश्यक उर्वरक प्रयोग से बचने की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही जैविक उत्पादों के उपयोग और प्राकृतिक खेती की पद्धतियों के बारे में भी किसानों को प्रशिक्षित किया जाएगा। खेतों में धान के अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के प्रति किसानों को जागरूक किया जाएगा।

फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन और उनके उपयोग के विकल्पों की जानकारी देकर अवशेष जलाने की प्रवृत्ति को हतोत्साहित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत तिलहन, दलहन और बागवानी मिशन के माध्यम से फसल विविधीकरण को भी बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे किसान विभिन्न फसलों को अपनाने के प्रति प्रेरित हो सकें। खेत बचाओ अभियान में जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और जल के बेहतर उपयोग पर विशेष जोर रहेगा। प्रति बूंद अधिक फसल योजना के तहत जल दक्ष कृषि पद्धतियों के प्रति किसानों को जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा किसान आईडी के निर्माण और उसमें आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया की जानकारी भी दी जाएगी, ताकि पात्र किसान योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। जिले के प्रत्येक विकासखंड में सात आयोजनों के माध्यम से कुल 42 ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए गांवों में मुनादी कराने के साथ किसानों के व्हाट्सएप समूहों का भी उपयोग किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से प्रत्येक कार्यक्रम में कम से कम 250 से 300 किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके माध्यम से अधिक से अधिक किसानों तक कृषि संबंधी तकनीकी जानकारी और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

तैयारियों को लेकर जिला न्यायालय में होगी समीक्षा बैठक

एक नवंबर को मेगा विधिक सहायता व सेवा शिविर पात्रों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को न्याय सुलभ कराने तथा उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडऩे के उद्देश्य से एक नवंबर 2026 को जनपद ललितपुर में विशाल मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के क्रम में आयोजित होने वाले इस शिविर के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल की जाएगी। शिविर में समाज के निर्बल वर्गों, दिव्यांगजनों, बच्चों, महिलाओं, निर्धन व्यक्तियों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पात्र लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों के माध्यम से लाभार्थियों को चिह्नित कर उन्हें योजनाओं से जोडऩे और उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सिविल जज (सीनियर डिवीजन) देवप्रिय सारस्वत द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, शिविर में प्रतिभाग करने वाले संबंधित विभागों से उनके स्टॉलों पर उपस्थित रहने वाले

- **गरीबों, महिलाओं, दिव्यांगों, बच्चों और श्रमिकों को मिलेगी विधिक सहायता**

अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नाम तथा योजनाओं से लाभान्वित किए जाने वाले पात्र व्यक्तियों की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसके लिए 24 अक्टूबर 2026 तक विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर में जिला पूर्ति अधिकारी, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की जानी है।

विभागीय स्टॉलों के माध्यम से पात्र लोगों को योजनाओं की जानकारी देने, आवेदन प्रक्रिया समझाने और उन्हें लाभ दिलाने के लिए आवश्यक समन्वय किया जाएगा। मेगा शिविर के माध्यम से विधिक जागरूकता के साथ महिला सशक्तीकरण, जल संरक्षण तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे आपसी समन्वय के साथ शिविर की तैयारियां पूरी करें, जिससे अधिक से अधिक पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। शिविर की तैयारियों की समीक्षा और विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए 24 अक्टूबर को अपराह्न 4.30 बजे जनपद न्यायालय सभागार कक्ष में बैठक निर्धारित की गई है। बैठक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान/मेगा कैंप के नोडल अधिकारी तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सहित संबंधित न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की सहभागिता प्रस्तावित है। बैठक में शिविर की तैयारियों, विभागीय जिम्मेदारियों, पात्र लाभार्थियों के चयन, प्रचार-प्रसार और व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को एक ही स्थान पर विधिक मार्गदर्शन और सरकारी योजनाओं से संबंधित सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

बीएसएनएल टावर की केबल चोरी में तीन को गिरफ्तार किया, 10 किलो केबल बरामद की

बुदावनी गांव के रहने वाले हैं तीनों आरोपी, चोरी के मुकदमे में थे वांछित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

अभियान के तहत पूराकलां पुलिस ने की कार्रवाई



जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पूराकलां पुलिस ने बीएसएनएल टावर की पावर केबल चोरी के मामले में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 10 किलोग्राम बीएसएनएल टावर की पावर केबल बरामद की है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। ग्राम विजयपुरा स्थित बीएसएनएल टावर से वीटीएस पावर की केबल चोरी होने की शिकायत मिली थी। तालबेहट निवासी नरेश कुमार सिंह पुत्र भागीरथ श्रीवास ने इस संबंध में पुलिस को सूचना दी थी।

शिकायत के आधार पर थाना पूराकलां में मुकदमा अपराध संख्या 148/2026 के तहत बीएनएस की धारा 303(2) और 317(2) में मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान तीन आरोपियों के नाम प्रकाश में आए, जिसके बाद पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने 23 अक्टूबर को कार्रवाई करते हुए ग्राम बुदावनी निवासी बृजेन्द्र सिंह पुत्र महाराज सिंह, प्रिंस पुत्र अतर सिंह और अनेक पुत्र आनंद को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से चोरी की करीब 10 किलोग्राम बीएसएनएल टावर की पावर केबल बरामद होने की जानकारी दी है। यह कार्रवाई एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक वीरेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक राजनारायण सिंह, कांस्टेबल विष्णु प्रताप सिंह और कांस्टेबल सतेन्द्र कन्तल शामिल रहे।

सेवा ग्रुप ने किया आयोजन

पत्रकार ने रक्तदान से दिया मानवता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए लोग तरह-तरह से खुशियां मनाते हैं, लेकिन पत्रकार व ग्रुप सदस्य अमित जैन मोनू ने अपने जन्मदिन पर रक्तदान कर समाजसेवा की प्रेरणादायी मिसाल पेश की। उन्होंने ललितपुर सेवा ग्रुप के माध्यम से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की मदद का संदेश दिया। उनके इस कार्य ने लोगों को जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों पर सामाजिक सरोकारों से जुडऩे की प्रेरणा दी। अध्यक्ष अंकुर जैन सानू बाबा ने उनके प्रयास की सराहना की।

उन्होंने कहा कि जन्मदिन पर रक्तदान करना किसी जरूरतमंद के लिए जीवन की नई उम्मीद बन सकता है। रक्तदान महादान है, क्योंकि रक्त की आवश्यकता किसी भी मरीज को कभी भी पड़ सकती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान के लिए लोगों को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना, बड़ी सर्जरी और गंभीर बीमारियों के उपचार के दौरान रक्त की जरूरत पड़ती है। समय पर रक्त उपलब्ध होने से मरीजों के उपचार में महत्वपूर्ण मदद मिलती है। नियमित स्वैच्छिक रक्तदान से ब्लड बैंक में सुरक्षित रक्त की उपलब्धता बनाए रखने में भी सहयोग मिलता है। समाज के स्वस्थ एवं रक्तदान के लिए पात्र लोगों को इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस दौरान अध्यक्ष अंकुर जैन सानू बाबा, मनोज जैन, विजय पाल, बालमुकुंद साह्य तथा ब्लड बैंक का स्टाफ मौजूद रहा।

पीड़ित परिवार की जांच की मांग

शिशुपाल प्रजापति हत्याकांड में न्याय की गुहार, सौंपा पत्र

मुकदमा दर्ज करने और आरोपियों की गिरफ्तारी की उठाई मांग

ललितपुर। ग्राम दावनी निवासी एक व्यक्ति ने अपने भाई शिशुपाल प्रजापति की हत्या के मामले में न्याय की गुहार लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित ने मामले में निष्पक्ष जांच कराकर संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने और उनकी शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित कराने की अपील की है। पीड़ित के अनुसार उसके भाई शिशुपाल प्रजापति की हत्या के मामले में दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि परिवार को न्याय मिल सके। इसी मांग को लेकर उसने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी शिकायत रखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध किया है। शिकायती पत्र के माध्यम से प्रार्थी ने मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस निष्पक्षता के साथ जांच करे। शिकायत में जिन व्यक्तियों पर आरोप लगाए गए हैं, उनकी भूमिका की जांच की जाए और आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवार का कहना है कि मामले में प्रभावी कार्रवाई होने से ही उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद है। परिवार ने प्रशासन से प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उचित कदम उठाने की अपील की है। अब इस मामले में जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से की जाने वाली कार्रवाई पर पीड़ित परिवार की निगाहें टिकी हैं।

विधान परिषद चुनाव को लेकर प्रशासन सतर्क

डीएम व एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं परखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



उत्तर प्रदेश विधान परिषद के इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन-2026 के तहत शुक्रवार को जिले में चल रहे मतदान के दौरान जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान दोनों अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों से मतदान केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों एवं संबंधित अधिकारियों को सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा अपनी जिम्मेदारियों का पूरी गंभीरता से पालन करने पर जोर दिया। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से मतदान के दौरान व्यवस्थाओं की निगरानी की गई, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों एवं पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गो धाम के की भूमि की पैमाइश का मामला

आदिवासी सहरिया समुदाय की जमीन का मामला

पीड़ित आदिवासी ने एसडीएम से लगाई न्याय के लिए गुहार

ललितपुर। सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम रजवारा में भूमि की पैमाइश को लेकर विवाद सामने आया है। एक प्रार्थी ने उपजिलाधिकारी सदर को प्रार्थना पत्र देकर 9 अक्टूबर 2026 को आराजी संख्या 582/1 की नायब तहसीलदार (चकबंदी) के नेतृत्व वाली टीम द्वारा की गई पैमाइश को निरस्त कर किसी अन्य निष्पक्ष राजस्व अधिकारी अथवा स्वतंत्र टीम से दोबारा पैमाइश कराने की मांग की है।

प्रार्थी ने आरोप लगाया कि पैमाइश में त्रुटियां की गई हैं, जिससे भूमि की वास्तविक सीमाओं और उसके वैधानिक अधिकारों पर असर पडऩे की आशंका है। विवाद ग्राम रजवारा स्थित आराजी संख्या 581 एवं 582 की लगभग 25 एकड़ भूमि से जुड़ा है। प्रार्थी का कहना है कि उक्त भूमि में अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों के पट्टे भी शामिल रहे हैं। आरोप है कि भूमि के स्वामित्व और अधिकारों की स्थिति स्पष्ट किए बिना जमीन के क्रय-विक्रय को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ है। पीड़ित ने झांसी निवासी अंशु छावड़ा व्यक्ति और एक अधिवक्ता पर भूमि के विक्रय में अनियमितता के आरोप लगाए हैं। उसका दावा है कि इस मामले में उसकी भूमि भी प्रभावित होने की आशंका है। पीड़ित ने पहले भी एसडीएम सदर के समक्ष आवेदन देकर भूमि की निष्पक्ष पैमाइश कराने की मांग की थी। इसके बाद प्रशासनिक आदेश पर टीम गठित की गई और नायब तहसीलदार (चकबंदी) के नेतृत्व में 9 अक्टूबर को आराजी संख्या 582/1 की पैमाइश कराई गई। हालांकि, प्रार्थी ने इस कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए आरोप लगाया कि नापजोख निष्पक्ष तरीके से नहीं की गई और माप में विपक्षी पक्ष को लाभ पहुंचाने वाली त्रुटियां हुई हैं। प्रार्थी ने अपने आवेदन में पूर्व में मौजा मसौरा में गलत पैमाइश को लेकर संबंधित राजस्व कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की बात का भी उल्लेख किया है।

मातृ-शिशु मृत्यु दर घटाने विदिशा में सुमन और एसएसबीएसके एक्शन रोडमैप लॉन्च

मातृ मृत्यु अनुपात 150 से घटाकर 70 और नवजात मृत्यु दर 29 से नीचे 12 लाने का लक्ष्य, स्वास्थ्य अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम करने के उद्देश्य से सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) और समग्र शिशु बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय एक्शन रोडमैप लॉन्च किया गया।

गुरुवार को सीएमएचओ कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में बीएमओ, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधिकारियों और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजरों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला का मुख्य लक्ष्य जिले में मातृ मृत्यु अनुपात को वर्तमान 150 से घटाकर 70 से कम तथा नवजात मृत्यु दर को 29 से घटाकर 12 से नीचे लाना है। इसके लिए रोकी जा सकने वाली मातृ एवं नवजात मृत्यु को शून्य करने की रणनीति तैयार की गई। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं पर विशेष फोकसतकनीकी सत्र में विदिशा मेडिकल कॉलेज की स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा चौरसिया और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ प्रमोद मिश्रा ने डॉक्टर को आवश्यक निर्देश दिए। इसमें हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव, एक्लम्पसिया जैसी आपातकालीन स्थितियों का त्वरित उपचार, सुरक्षित रेफरल और संक्रमण नियंत्रण पर जोर दिया गया।

प्रसव के बाद 48 घंटे तक निगरानी जरूरी

रोडमैप में किशोरियों के पोषण सुधार, गर्भधारण पूर्व एनीमिया व रक्तचाप की जांच और जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की सूची तैयार कर सुरक्षित संस्थागत प्रसव की योजना बनाने पर जोर दिया गया। दूरस्थ क्षेत्रों में बर्थ वेटिंग होम की सुविधा विकसित करने तथा प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा को कम से कम 48 घंटे चिकित्सकीय निगरानी में रखने की व्यवस्था भी शामिल है। इसके साथ ही 24 घंटे सुमन हेल्पडेस्क के माध्यम से सहायता, शून्य मातृ-शिशु मृत्यु वाली ग्राम पंचायतों को प्रमाणित करने और स्वास्थ्य केंद्रों पर कैशलेस प्रसव, दवाएं, जांच व परिवहन सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

गांव स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक गठित की जा रही ओबीसी महासभा की कार्यकारिणी

ओबीसी के 27 फीसदी आरक्षण पर रोक के विरोध में ओबीसी महासभा देशभर में आंदोलन करेगी



'प्रदेश में ओबीसी जनसंख्या की 63 प्रतिशत हिस्सेदारी होने के बावजूद भी 13 प्रतिशत आरक्षण पर लगा रखी रोक'



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मध्यप्रदेश सहित देशभर में ओबीसी जाति के द्वारा भेदभाव का आरोप लगाया है। इसको लेकर अब ओबीसी महासभा का विरोध सातवे आसमान पर है। महासभा के पदाधिकारी अब जमीनी स्तर पर लग कर प्रदेष स्तर पर बढ़ा आंदोलन करने की तैयारियों में है। इसी की तैयारी को लेकर गुरूवार को ब्यावरा के सुठालिया रोड स्थित यादव समाज धर्मषाला में ओबीसी महासभा की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों ने शामिल होकर सरकार के खिलाफ आरक्षण लेने के लिए रणनीति तैयार की।

बैठक में जबलपुर उच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण पर रोक लगाने विरोध में और जातिगत जनगणना करने ओबीसी को जनसंख्या के माननुसार राजनैतिक एवं प्रषासनिक पदों का आरक्षण प्रदान करने एवं ओबीसी के प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं अन्य प्रतिभागियों का सम्मान करने के प्रस्ताव पारित किए गए। सभा में विभिन्न वक्ताओं द्वारा पंचायत एवं वार्ड स्तर से लेकर जिला स्तर तक की कार्यकारिणी का गठन करने तथा उक्त सभी प्रस्ताव को ग्राम पंचायत में होने वाली आमसभा में पारित करवाने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने ओबीसी आरक्षण समाप्त करने के विरोध में व्यापज जन आंदोलन खड़ा करने तथा अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने के लिए प्रदेष एवं देष स्तर पर आंदोलन करने का निर्णय लिया हैं। इस अवसर पर ओबीसी महासभा राष्ट्रीय महासचिव डॉ. ब्रजेन्द्रसिंह यादव, प्रदेष संयोजक प्रकाशसिंह धाकड़, किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष भंवरसिंह धाकड़, वरिष्ठ समाजसेवी यषपाल सिंह रावत, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, यादव धर्मषाला उज्जैन एवं अखिल भारतीय यादव महसभा अहीर प्रदेषाध्यक्ष रामगोपाल यादव, यादव महासभा जिलाध्यक्ष सुरेषचंद यादव, यादव धर्मषाला उज्जैन एवं यादव समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन कोषाध्यक्ष नेमसिंह यादव, ओबीसी महासभा जिलाध्यक्ष राधेष्याम यादव सीलखेड़ा, ओबीसी प्रदेश संयोजक बद्रीलाल यादव करनवास, वरिष्ट समाजसेवी रमेषचंद्र यादव भाटखेड़ी, सरपंच रमेषचंद्र यादव तलावली, रमेषचंद्र यादव निवानिया, नारायणसिंह यादव तुमड़िया, मोहनलाल गौड़ आगर, घीसालाल राठौर बोड़ा, देवीसिंह चैहान बामलाबे, ओम प्रकाष यादव मोया, महेन्द्र यादव मोया, लाखनसिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में ओबीसी महासभा के कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार सत्यनारायण यादव निवानिया ने किया।

कृषि योजनाओं की समीक्षा की

यूरिया वितरण, प्राकृतिक खेती सिंचाई रकबा वृद्धि पर निर्देश दिए



फसल बीमा के लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, उर्वरक वितरण, प्राकृतिक खेती, सिंचाई के रकबे में वृद्धि, फसल बीमा के लंबित प्रकरणों तथा आगामी रबी सीजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने तथा किसानों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

यूरिया वितरण एवं उर्वरक व्यवस्था की समीक्षा

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिक मात्रा में यूरिया प्राप्त करने वाले किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन कर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही, रबी सीजन 2025-26 एवं 2026-27 के उर्वरक विक्रय का विश्लेषण करने तथा डबल लॉक केंद्रों पर दो कर्मचारियों और एक पटवारी की 15 दिवस की अवधि के लिए ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, ताकि उर्वरक वितरण व्यवस्था की प्रभावी निगरानी की जा सके।

प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने पर जोर

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) के अंतर्गत जिन बीआरसी केंद्रों का संचालन अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है, उनकी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को योजना के प्रावधानों के अनुरूप बीआरसी केंद्रों के माध्यम से सामग्री क्रय सुनिश्चित कराने तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों को प्रोत्साहित करने, अधिक से अधिक किसानों तक प्राकृतिक खेती की जानकारी पहुंचाने तथा इसके लिए आवश्यक सामग्री की उपलब्धता के संबंध में किसानों को जागरूक करने पर जोर दिया। इस उद्देश्य से विस्तार अधिकारियों को नियमित क्षेत्रीय भ्रमण कर किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए।

सिंचाई एवं सरसों के रकबे में वृद्धि के निर्देश

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उद्यानिकी विभाग के समन्वय से सूक्ष्म सिंचाई के रकबे में 10 हजार से अधिक की वृद्धि का आगामी लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। साथ ही, सरसों की फसल का रकबा 41 हजार तक बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने तथा किसानों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। जिन क्षेत्रों में वर्षा कम हुई है, वहां बीज वितरण की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करने तथा क्षेत्रवार कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।

फसल अवशेष प्रबंधन के लिए एसएमएस से दी जाएगी जानकारी

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में किसानों को एसएमएस के माध्यम से समय पर जानकारी उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत पराली एवं नरवाई जलाने पर प्रतिबंध, प्रतिबंधित गतिविधियों तथा हार्वेस्टर के पंजीयन से संबंधित आवश्यक सूचनाएं किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया, ताकि फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लंबित प्रकरणों का होगा निराकरण

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत वर्ष 2017 से अब तक विभिन्न कारणों से लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने विकासखंडवार शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। शिविरों के माध्यम से लंबित प्रकरणों का निराकरण करने, आवश्यक अभिलेख एवं जानकारी संकलित करने तथा किसानों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कृषि विभाग की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा किसानों को समय पर आवश्यक जानकारी, तकनीकी मार्गदर्शन और योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराएं।

अंडर 14 व 17 वर्ग की स्पर्धाएं

आदर्श विद्या मंदिर की प्रथम बालिका कबड्डी प्रतियोगिता 28 से

बैठक में खेल नियमावली तैयार कर टीमों के मैच तय किए गए



माचलपुर। आदर्श विद्या मंदिर में प्रथम बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें अंडर-14 एवं अंडर-17 वर्ग की प्रतियोगिता में शामिल होने वाले विभिन्न विद्यालयों के खेल शिक्षकों ने भाग लिया। बैठक में प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर चर्चा कर नियमावली तैयार की गई। साथ ही, सभी टीमों के मैच निष्पक्ष तरीके से निर्धारित करने के लिए सर्वसम्मति से गोटी डालकर तय किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार, 28 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। इसमें आदर्श विद्या मंदिर माचलपुर, प्रज्ञा पब्लिक स्कूल माचलपुर, काशी गुरुकुल माचलपुर, रॉयल हाइट्स जीरापुर, संस्कार विद्या निकेतन ब्राह्मणगांव, आदर्श विद्या मंदिर गोघटपुर तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाड़गांव की टीमें मैदान में उतरेंगी।

बैठक में विद्यालय संचालक जगदीश गुर्जर, आदर्श विद्या मंदिर के महेश दांगी एवं खेल शिक्षक अरविंद गोस्वामी, संस्कार विद्या निकेतन होकम टेलर, प्रज्ञा पब्लिक स्कूल आलम कोतवाल, काशी गुरुकुल संदीप प्रजापति, रॉयल हाइट्स सोनू राठौर, शासकीय विद्यालय बाड़गांव ईश्वर परमार, आदर्श विद्या मंदिर गोघटपुर रामबाबू गुर्जर सहित संजय शर्मा, संदीप शर्मा एवं अन्य उपस्थित रहे।

श्रीराम का राज्याभिषेक, श्रद्धालुओं ने उतारी आरती

स्थानीय कलाकारों ने किया सजीव मंचन, सेवाभाव की हो रही सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के तत्वावधान में आयोजित 16 दिवसीय मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की रामलीला में सारगर्भित प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालु भक्तों को भावविभोर कर दिया।इसी क्रम में भगवान श्रीराम के 14 वर्ष का वनवास पूर्ण कर माता सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटने तथा उनके राज्याभिषेक का भावपूर्ण मंचन किया गया। राज्याभिषेक के प्रसंग ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।इस दौरान राजगुरु विश्वामित्र द्वारा राज्याभिषेक की परंपरा का चित्रण किया गया तथा भगवान श्रीराम की आरती की गई।

जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने की आरती

54 वर्ष से लगातार चल रही रामलीला में राजतिलक कि प्रथम आरती विगत 41 वर्षो से विधायक हजारीलाल दांगी एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष गोकरण वर्मा करते आ रहे हैं।जहां प्रथम आरती 42 हजार रुपये की सहयोग राशि से की गई। रामलीला मंडल अध्यक्ष दिनेश पुरोहित ने 21 हजार रुपये द्वितीय आरती, संजय जमींदार बंटी, ओम करोडिया , श्याम करोडिया ने 11 हजार रुपये में तृतीय आरती तथा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने 21 हजार रुपये में चतुर्थ आरती , सीएमओ देवनारायण दांगी, सुसनेर सीएमओ हरिओम शर्मा, ऊंकार दांगी , दिनेश गुर्जर द्वारा 12 हजार 500 रुपये कि सहयोग राशि देकर पांचवी आरती उतारी। इसी क्रम में श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़ संयोजक पंडित श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में, खाड़ी मंदिर समिति सेवादल, हिंदू उत्सव, गीता स्वाध्याय, मां अंबिका गरबा, भयंकर ग्रुप, प्रेस क्लब एवं तिरंगा मित्र मंडल सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी आरती में भेंट राशि प्रदान कर सहभागिता की।



निःस्वार्थ भाव से सेवाएं दे रहे कलाकार

रामलीला की विशेषता यह है कि इसमें विभिन्न पात्रों की भूमिका निभाने वाले कलाकार प्रतिदिन निःशुल्क सेवाएं देकर धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए हुए हैं। बालमुकुंद वैष्णव , गोपाल आचार्य , देवीलाल चैहान तबला एवं व्यास पीठ से सेवाएं दी। जबकि रामलीला का संचालन एवं अन्य व्यवस्थाएं सबसे वरिष्ठ मोहनलाल पुष्पद (सेवानिवृत्त शिक्षक) संभाल रहे हैं। अर्जुन सिंह पटेल , विजय सिंह चैधरी, मुकेश मालाकार टेक्सी तथा सबसे कम उम्र के लव जमींदार 8 वर्ष , दिव्यांशी तिवारी 9 वर्ष स्वप्निल आचार्य 12 वर्ष सहित अन्य छोटे बच्चे स्वरूप बनकर सेवाएं दे रहे।दर्शक कलाकारों के अभिनय, संवाद और मंचन की सराहना कर रहे हैं। धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सहयोग और कलाकारों की निःस्वार्थ सेवा इस आयोजन को विशेष बना रही है।

भूमि सुपोषण अभियान के अंतर्गत किसानों को भूमि की उर्वरता व मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करेंगे

कलेक्टर ने किसान गौरव रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से भूमि सुपोषण अभियान के अंतर्गत किसान गौरव रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भूमि सुपोषण अभियान का उद्देश्य भूमि की उर्वरता एवं मृदा स्वास्थ्य के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा किसानों को भूमि की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। किसान गौरव रथ यात्रा के माध्यम से किसानों तक भूमि सुपोषण के महत्व से संबंधित संदेश पहुंचाने और कृषि भूमि के बेहतर प्रबंधन के प्रति जागरूकता विकसित करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। यह पहल कृषि भूमि के स्वास्थ्य संरक्षण, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने तथा किसानों को जागरूक कर कृषि की



उत्पादकता बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा की तैयारियों को लेकर कांग्रेस की बैठक संपन्न

अध्यक्षों व पदाधिकारियों, पार्षदों, नेताओं, को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरावर के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के 26 अक्टूबर को सारंगपुर के रास्ते राजगढ़ जिले में प्रवेश को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई तथा यात्रा की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में विधानसभा प्रभारी चैन सिंह गुर्जर एवं ब्लॉक प्रभारी मोतीलाल लोधा की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं को



यात्रा की तैयारियों और प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सभी कार्यकर्ताओं से यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई।यात्रा के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, मंडलम अध्यक्षों, पंचायत कांग्रेस समिति के अध्यक्षों, नगर कांग्रेस अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों, पार्षदों, वरिष्ठ नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। वक्ताओं ने गांव-गांव और वार्डों में जनसंपर्क कर आमजन को यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने पर जोर दिया।बैठक को विधानसभा प्रभारी चैन सिंह गुर्जर, ब्लॉक प्रभारी मोतीलाल लोधा सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने किया, जबकि अंत में नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर कांग्रेस पार्षदों, आसपास के क्षेत्रों के मंडलम अध्यक्षों, पदाधिकारियों, पूर्व अध्यक्ष, कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मातृ व शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने 'सुमन पंचायत' पहल का शुभारंभ

शून्य मातृ मृत्यु, बाल मृत्यु व खसरा-रूबेला के शून्य प्रकरण वाली पात्र ग्राम पंचायतों को मिलेगा एक लाख का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मध्यप्रदेश शासन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने, मातृ एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने तथा सुरक्षित मातृत्व को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन पंचायत)' पहल प्रारंभ की गई है। इस पहल का शुभारंभ 28 जून, 2026 को मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था। इसका उद्देश्य ग्राम पंचायतों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति सामुदायिक जिम्मेदारी बढ़ाना तथा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना है। सुमन पंचायत पहल के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित गतिविधियों की निगरानी, जनजागरूकता और विभागीय समन्वय को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके माध्यम से मातृ मृत्यु, पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु तथा खसरा एवं रूबेला के प्रकरणों में कमी लाने के लिए सामुदायिक स्तर पर प्रयास किए जाएंगे।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को मिलेगा एक लाख का पुरस्कार

पहल के अंतर्गत 01 जनवरी, 2026 से 31 दिसंबर, 2026 तक की अवधि में शून्य मातृ मृत्यु, पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की शून्य मृत्यु तथा खसरा-रूबेला के शून्य प्रकरण दर्ज करने वाली पात्र ग्राम पंचायतों को राज्य स्तर पर प्रमाण-पत्र के साथ एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार, सर्वाधिक पात्र सुमन पंचायतों वाले उत्कृष्ट विकासखंड को 50 हजार रुपये तथा सर्वाधिक पात्र पंचायतों वाले सर्वश्रेष्ठ जिले को भी 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। प्रोत्साहन राशि का उपयोग स्वास्थ्य सेवाओं, परिवहन सुविधाओं तथा सामुदायिक जागरूकता गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए किया जाएगा।

निर्धारित समय-सीमा में पूरी होगी आवेदन व सत्यापन प्रक्रिया

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पंचायत, विकासखंड एवं जिला स्तर पर त्रिस्तरीय सत्यापन की व्यवस्था की गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 05 जनवरी, 2027 तकरू पात्र ग्राम पंचायतों द्वारा पंचायत सचिव के माध्यम से विकासखंड चिकित्सा अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत किए जाएंगे। 10 जनवरी, 2027 तक विकासखंड स्तर पर सत्यापन के उपरांत आवेदन जिला स्तर पर भेजे जाएंगे। 15 जनवरी, 2027 तक जिला कलेक्टरध्जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से पात्र प्रस्ताव राज्य स्तर पर प्रस्तुत किए जाएंगे। 26 जनवरी, 2027 राज्य स्तर पर चयनित पात्र ग्राम पंचायतों, विकासखंडों एवं जिलों को 'सुमन पंचायत' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

तीन विभागों के समन्वय से होगा प्रभावी क्रियान्वयन

सुमन पंचायत पहल के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच आपसी समन्वय, नियमित समीक्षा और सामुदायिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया है। इस पहल के माध्यम से ग्राम पंचायतों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति अधिक उत्तरदायी बनाते हुए सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ बचपन की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

लोहे के सरियों से भरा लोडिंग ऑटो पलटा, चालक की मौत

विदिशा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के करैयाखेड़ा रोड पर मंगलवार शाम हुए सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम बिलराई निवासी महेश अहिरवार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार महेश अपने लोडिंग ऑटो में पीतलमील से करैयाखेड़ा रोड स्थित तमोरिया में स्वयं के निर्माणाधीन भवन के लिए लोहे के सरिए लेकर जा रहे थे। घर पहुंचने से पहले रास्ते में उनका ऑटो अचानक पलट गया। लोहे के सरियों की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

दीपावली पर कार्बाइड गन और लैंप पर रोक के निर्देश जारी

विदिशा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर एवं एसपी-आईजी कॉन्फ्रेंस में कानून व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। उन्होंने दीपावली पर कार्बाइड गन और कार्बाइड लैम्प से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रतिबंध संबंधी निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने और बाजारों में निगरानी रखने को कहा। साथ ही लोगों, विशेषकर बच्चों और युवाओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान, स्वामित्व योजना, नरवाई प्रबंधन, मौसमी बीमारियों की रोकथाम और विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। 31 अक्टूबर को सरदार पटेल जयंती और 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की तैयारियों पर भी चर्चा हुई।

रावण दहन के साथ माता की प्रतिमाएं विसर्जित की

कुरवाई। दशहरा पर्व पर रावण दहन के बाद शारदीय नवरात्रि का समापन मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ हुआ। नौ दिनों तक नगर में भक्ति का माहौल रहा। इस दौरान आरती, भजन-कीर्तन, महाआरती, कन्या भोज और नगर भंडारे आयोजित किए गए। प्रतिमाओं को फूलों से सजाकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ बेतवा नदी पुल घाट ले जाया गया, जहां देर रात तक विसर्जन चलता रहा। नगर पालिका ने घाट पर रोशनी और हाइड्रा की व्यवस्था की। इस दौरान एसडीएम मोतीलाल अहिरवार सहित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।